**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 21 मई 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार :-**

- **केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता पीयूष गोयल ने कहा - भारत वैश्विक मंच पर मजबूती से खड़ा है। प्रधानमंत्री की पाँच देशों की यात्रा के दौरान 57 अहम समझौते हुए।**
- **केंद्र सरकार ने आश्वस्त किया, देश में कच्चे तेल, पेट्रोल, डीजल, प्राकृतिक गैस और एलपीजी का पर्याप्त भंडार, अफरा तफरी में खरीदारी की जरूरत नहीं।**
- **भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया। हरियाणा की पूरी मतदाता सूची संशोधित की जाएगी।**
- **पलवल के श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने 12 नए पाठ्यक्रम शुरू किए।**
- **उचाना से विधायक देवेंद्र चतुर्भुज ने राहुल गांधी द्वारा कथित तौर पर प्रधानमंत्री के ख़िलाफ़ अपमानजनक टिप्पणियाँ किए जाने पर कांग्रेस की आलोचना की।**

**************************************************************************केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता पीयूष गोयल ने आज कहा कि दुनिया भारत को एक भरोसेमंद भागीदार के तौर पर देख रही है। नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पाँच देशों की यात्रा पर एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए, श्री गोयल ने कहा कि इस यात्रा से समाज के हर वर्ग को फ़ायदा होगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की यह यात्रा दिखाती है कि भारत वैश्विक मंच पर मजबूती से खड़ा है। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के दौरान 57 अहम समझौते हुए, जिनमें संयुक्त अरब अमीरात का भारत में 75 से 100 अरब डॉलर का निवेश करने का वादा भी शामिल है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी निशाना साधा, जिन्होंने कथित तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ख़िलाफ़ अपमानजनक टिप्पणियाँ की थीं। उन्होंने कहा कि श्री गांधी की नकारात्मक राजनीति की वजह से लोग चुनावों में कांग्रेस को नकार रहे हैं।

**************************************************************************

केंद्र सरकार ने आश्वस्त किया है कि देश में कच्चे तेल, पेट्रोल, डीजल, प्राकृतिक गैस और एलपीजी का पर्याप्त भंडार मौजूद है। आज नई दिल्ली में पश्चिम एशिया की स्थिति पर मंत्रालयों के बीच हुई एक ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा -

***रिफाइनरी संयंत्र माँग को पूरा करने के लिए अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। एलपीजी का उत्पादन बढ़ा दिया गया है और प्रति दिन रिफाइनरी संयंत्र में लगभग 46 से 47 हज़ार टन एलपीजी का उत्पादन हो रहा है।***

संयुक्त सचिव ने कहा कि आपूर्ति स्थिर बनी हुई है, और सभी पेट्रोल पंपों पर तेल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन

दिनों में एक करोड़ 34 लाख घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति की गई है, जबकि पहली मई से अब तक वाणिज्यिक सिलेंडरों की आपूर्ति एक लाख 32 हज़ार टन रही है।

प्राकृतिक गैस के बारे में उन्होंने बताया कि पीएनजी कनेक्शनों का विस्तार हो रहा है और मार्च से अब तक 7 लाख 60 हजार से ज़्यादा घरों को इससे जोड़ा जा चुका है। साथ ही 2 लाख 81 हजार पीएनजी कनेक्शनों के लिए बुनियादी ढाँचा तैयार कर लिया गया है।

उन्होंने कहा कि नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए भी कार्रवाई चल रही है, जिसके तहत पिछले कुछ दिनों में नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ निरीक्षण, जुर्माना और नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने नागरिकों से अफरा तफरी में ज़्यादा खरीदारी न करने की अपील की।

****************************************************************

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री ए. श्रीनिवास ने कहा है कि मतदाता सूचियों का यह विशेष गहन पुनरीक्षण 15 जून से 14 जुलाई  तक होने जा रहा है, और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 सितंबर को किया जाएगा।

श्री ए. श्रीनिवास आज चंडीगढ़ में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान प्रदेश की पूरी मतदाता सूची संशोधित की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम प्रारूप सूची में शामिल नहीं हैं, उनकी बूथ-वार सूची पंचायत भवनों, शहरी स्थानीय निकाय कार्यालयों और ब्लॉक विकास एवं पंचायत अधिकारियों के कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जाएगी ताकि जनता की इन सूचियों तक पहुंच सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही नाम शामिल न होने के संभावित कारण भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि जिन मामलों में 'गणना फॉर्म' वापस नहीं मिले हैं, वहां बूथ स्तर के अधिकारी पड़ोस के निवासियों से पूछताछ कर "अनुपस्थित", "स्थानांतरित", "मृत", लोगों की पहचान कर रिकॉर्ड दर्ज कर सकते हैं। बीएलओ को निर्देश दिया गया है कि वे जानकारी एकत्र करने के लिए ऐसे प्रत्येक घर का कम से कम तीन बार दौरा करेंगे।
उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि यदि घर-घर सर्वेक्षण के दौरान कोई मतदाता मौजूद नहीं है, तो परिवार का कोई भी वयस्क सदस्य फॉर्म पर हस्ताक्षर करके उसे बीएलओ को सौंप सकता है।

एक सवाल के जवाब में श्री श्रीनिवास ने बताया कि सभी जिला मुख्यालयों और निर्वाचन क्षेत्रों में एक समर्पित हेल्पलाइन नंबर 1950 दिया गया है। यह हेल्पलाइन सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक दो पालियों में काम करेगी।

****************************************************************

पलवल के श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने उच्च गुणवत्ता वाली कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए इस वर्ष 12 नए पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। इसके साथ विश्वविद्यालय में पाठ्यक्रम की संख्या 70 हो गई है।

कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने आज पलवल में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि इनमें डी फार्मा,बी फार्मा,बी.एस.सी एग्रीकल्चर,बी.वोकेशनल ,ऐयर कंडीश्नर एंड रेफ्रीजीरेटर,बी. वोकेशनल प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग,बी. वोकेशनल इंटीरियर डिजाइन,बी. वोकेशनल फ्रेंच,बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट म्यूजिक,बैचलर ऑफ फाइन ऑर्ट एलएलएम शामिल है। उन्होंने फिजिओथेरपी कोर्स का जिक्र करते हुए कहा कि नए पाठ्यक्रम कौशल और रोजगार के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा दो और महत्वपूर्ण कार्यक्रम बी.एस.सी नर्सिंग और बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी शुरू किए गए है बहुत जल्दी ही इनकी मान्यता हमें मिल जाएगी। इन पाठ्यक्रमों के लिए शिक्षकों की भर्ती को लेकर उन्होंने बताया -

************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गांव बकाली में खेत के रास्ते के बीच में खंभे और ट्रांसफार्मर लगाने वाले एसडीओ के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिए हैं। इस मामले की जांच लड़वा के एसडीएम करेंगे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज कुरुक्षेत्र के लाडवा के शिवाला रामकुंडी में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में आमजन के साथ सीधा संवाद कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने पुलिस को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता को धमकी देने वालों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नागरिकों को कहा कि सभी नागरिक शिकायत पत्र पर अपना मोबाइल नंबर जरुर लिखें, ताकि विभाग उनसे संपर्क कर सके। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान 338 शिकायतों को सुना।

************************************************************

उचाना से विधायक देवेंद्र चतुर्भुज यात्री ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि निजी वाहनों का कम से कम उपयोग किया जाए और अधिक से अधिक लोग सार्वजनिक परिवहन को अपनाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सरकार और पार्टी कार्यकर्ता लगातार ईंधन बचाने के अभियान से जुड़े हुए हैं। डीजल और पेट्रोल की बचत राष्ट्रहित से जुड़ा विषय है और हर नागरिक को इसमें अपनी भागीदारी निभानी चाहिए।

मीडिया से बातचीत में राहुल गांधी द्वारा कथित तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ख़िलाफ़ अपमानजनक टिप्पणियाँ किए जाने पर उन्होंने कांग्रेस नेता की आलोचना की।

************************************************************